वैश्विक आपूर्ति शृंखला और बाल श्रम

drishtiias.com/hindi/printpdf/global-supply-chains-major-user-of-child-labour-un-report

प्रीलिम्स के लिये:

ILO, OECD, IOM, Unicef

मेन्स के लिये:

बाल श्रम से संबंधित मुद्दे

चर्चा में क्यों?

संयुक्त राष्ट्र (United Nation) द्वारा जारी की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक आपूर्ति शृंखला (Supply Chains) में बाल श्रम का सर्वाधिक प्रयोग होता है।

रिपोर्ट का निष्कर्ष:

- वैश्विक आपूर्ति शृंखला के क्षेत्र में भी विशेष रूप से एशिया में सबसे अधिक बाल श्रमिक हैं।
- वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में बाल श्रम का स्तर अलग-अलग क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न है। पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी एशिया में बाल श्रम स्तर सर्वाधिक 26%, इसके पश्चात् लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियाई क्षेत्र में 22%, मध्य तथा दक्षिणी एशिया में 12% और उत्तरी अफ्रीका व पश्चिमी एशिया में 9% है।
- वैश्विक रूप से एकीकृत व्यवसाय (Integrated Business) में एक उत्पाद उपभोग या उपयोग के लिए तैयार होने तक कई चरणों से गुज़रता है। वैश्विक आपूर्ति शृंखला के लगभग सभी चरणों में बाल श्रम का उपयोग किया जाता है।
- वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में अधिकांश बाल श्रमिक मूल के देशों में तैनात हैं, जिन्हें एक शृंखला की अपस्ट्रीम रीचेज (Upstream Reaches) के रूप में जाना जाता है।
- कृषि क्षेत्र के निर्यात में योगदान देने वाले अनुमानित बाल श्रम का 97% कृषि क्षेत्र में कार्य करने वाले बच्चें है।

रिपोर्ट के बारे में?

- वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में बाल श्रम, ज़बरन श्रम और मानव तस्करी इत्यादि में बाल श्रम की जाँच करने वाली यह अपनी तरह की पहली रिपोर्ट है।

- यह सर्वेक्षण अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (International Labour Organization- ILO), आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (Organisation for Economic Cooperation and Development- OECD), अंतर्राष्ट्रीय संगठन प्रवासन (International Organization for Migration- IOM) तथा संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (Unicef) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

रिपोर्ट के सर्वेक्षण से संबंधित मुद्दे:

इस रिपोर्ट में वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं का अध्ययन किया गया, जबकि बाल श्रम का प्रयोग घरेलू उत्पादन प्रक्रियाओं (Domestic Production Processes) में अधिक किया जाता है। इसलिये इस प्रकार की रिपोर्ट पूरी तरह से बल श्रम की स्थिति स्पष्ट नहीं कर पाती है क्योंकि बड़े कॉर्पोरेट घराने सामान्यतः बाल श्रम से मुक्त होने का दावा करते हैं।

आगे की राह:

- सतत् विकास लक्ष्यों (Sustainable Development Goals- SDG) में लक्ष्य 8.7 वर्ष 2030 तक बाल श्रम की समाप्ति की प्रतिबद्धता से संबंधित है।
- ILO के अनुसार, यह रिपोर्ट श्रम अधिकारों के उल्लंघन से निपटने के लिये प्रभावी कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता को दर्शाती है। इसलिये सरकारों को अपने परिचालन (Operation) और आपूर्ति शृंखलाओं में मानवाधिकारों का सम्मान करने के प्रयासों को बढ़ाने तथा मज़बूत करने पर बल देने की ज़रूरत है।

स्रोत: डाउन टू अर्थ